प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0

(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)

सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2023/467 दिनांकः01, नवम्बर, 2023

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य/समस्त विद्यार्थी
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः सत्र 2022-23 के अन्तिम वर्ष में उत्तीर्ण छात्रों का हिन्दी नाम एवं उपाधि प्राप्त करने हेतु पता संशोधन कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सत्र 2022-23 के अन्तिम वर्ष में उत्तीर्ण करने वाले छात्र/छात्राओं को गत् वर्ष की भांति ही उपाधि भारतीय स्पीड पोस्ट के माध्यम से उनके पते पर भेजी जानी है। गत/विगत् वर्षो में यह पाया गया है कि छात्र का हिन्दी नाम एवं स्थायी पता पूर्ण न दिये जाने के कारण उनको भेजी गयी उपाधि विश्वविद्यालय में वापस आ जाती है तथा हिन्दी नाम में त्रुटि के कारण कई उपाधियां छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय को संशोधन हेतु वापस की जाती है। इस समस्या के निराकरण के लिए सत्र 2022-23 मे उत्तीर्ण छात्र/छात्राएं अपनी ERP स्टूडेन्ट लॉगिन तथा सम्बन्धित संस्थान अपने ERP Login के माध्यम से लॉगिन कर सम्बन्धित सूचनाओं को अपडेट कराये जाने की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। **छात्र/छात्राएं अपने ERP स्टूडेन्ट लॉगिन कर My Profile में जा कर Addres Table टेब पर क्लिक कर अपने पते (जहां पर छात्र उपाधि प्राप्त करना चाहता हैं) तथा सम्बन्धित संस्थान आपने ERP Login में उपलब्ध स्टूडेन्ट डाटा बैंक में जाकर हिन्दी नाम को दिनांक 25 नवम्बर, 2023 तक सही/अपडेट कर सकते है।**

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित करना है कि छात्र/छात्राओं के अंग्रेजी नाम व पिता के इत्यादि में संशोधन हेतु सम्बन्धित संस्था नामांकन विभाग से सम्पर्क करें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तद्नुसार अवगत होते हुए अपने संस्थान के छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए ससमय यथा आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय

01/11/2023

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ मे समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक